THE EDUCATION STATE

SCHOOLS

# माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए संदेश

## महानगरीय मेलबोर्न और Mitchell Shire में माता-पिता और देखभालकर्ताओं के लिए संदेश

प्रिय माता-पिता और देखभालकर्ता,

जैसा कि आपको जानकारी होगी, विक्टोरियाई सरकार ने टर्म 3 के लिए विक्टोरिया में स्कूलों का प्रबंध करने के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएँ की हैं।

विक्टोरिया के मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी से मिली सलाह के आधार पर, महानगरीय मेलबोर्न और Mitchell Shire में आने वाले विक्टोरियाई सरकारी स्कूलों के नीचे दिए तरीके के अनुसार टर्म 3 के पहले सप्ताह के लिए विशिष्ट प्रबंध स्थापित किए गए हैं। इसके बाद स्कूल दूसरे सप्ताह की शुरुआत से प्रेप से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों के लिए रिमोर्ट और फ्लेक्सीबल (अनुकूलनीय) शिक्षण पर स्थानांतरण करेंगे।

यह ध्यान में रखना बहुत महत्वपूर्ण है कि विक्टोरियाई मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी की सलाह के आधार पर स्कूल संचालन करना जारी रख सकते हैं। विक्टोरियाई मुख्य स्वास्थ्य अधिकार ने कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले स्वास्थ्य उपायों के बारे में भी सलाह दी है, और हम इनका अनुपालन करेंगे।

इन परिवर्तित बदलावों का प्रयोजन महानगरीय मेलबोर्न और Mitchell Shire में इन विद्यार्थियों और उनके माता-पिता व अभिभावकों के आने-जाने को कम करना है ताकि कोरोनावायस (COVID-19) के फैलाव को कम किया जा सके।

परन्तु, यह भी महत्वपूर्ण कि कुछ विद्यार्थियों के लिए आमने-सामने के शिक्षण को बनाए रखा जाए। इसमें कक्षा 11 व 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी (और कक्षा 10 में पढ़ने वाले वे विद्यार्थी जिनके शिक्षण कार्यक्रम में VCE की पढ़ाई या VCAL के प्रकार) शामिल हैं, ऐसा सभी विद्यार्थियों को अपना सीनियर सेकेंडरी सर्टिफिकेट, VCE या VCAL, जारी रखने या पूरा करने की योग्यता की महत्ता के कारण है।

यह महत्वपूर्ण है कि स्पेशलिस्ट स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के पास आमने-सामने के परिसरों में उन स्कूलों के अध्यापकों और सहायक कर्मियों की विशेषज्ञता तक पूरी पहुँच हो। हमें उन परिवारों का समर्थन करने की भी ज़रुरत है जहाँ माता-पिता और देखभालकर्ता घर से काम न कर सकते हों, और अन्य परिवार जिन्हें स्थल पर मिलने वाले समर्थन की ज़रुरत हो।

अधिक सहायता प्रदान करने के लिए, महानगरीय मेलबोर्न और Mitchell Shire में अन्य सभी सरकारी स्कूलों सहित हमारा स्कूल दिन की शुरुआत में सभी विद्यार्थियों के तापमान की जांच करेगा। यदि आपकी संतान को बुख़ार है, तो आपसे निवेदन किया जाएगा कि आप उन्हें स्कूल से ले जाएँ।

नए प्रबंधों का विवरण नीचे किया गया है।

**सोमवार 13 – शुक्रवार 17 जुलाई**

कक्षा 11 और 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थी, VCE या VCAL की पढ़ाई करने वाले कक्षा 10 के विद्यार्थी, और स्पेशलिस्ट स्कूलों में भर्ती विद्यार्थी सोमवार 13 जुलाई से स्कूल वापिस आना शुरु करेंगे।

सोमवार 13-शुक्रवार 17 जुलाई प्रेप से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों के लिए प्युपिल फ्री डे होंगे। ये प्युपिल-फ्री डे हमारे कर्मचारियों को सोमवार 20 जुलाई से रिमोर्ट और फ्लेक्सीबल शिक्षण की तैयारी करने की योग्यता देंगे।

जिन विद्यार्थियों को सप्ताह के दौरान स्कूल में सुपरविज़न कार्यक्रम की ज़रुरत होगी, हम उनके लिए इसकी व्यवस्था करेंगे। यह कार्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है जिनके माता-पिता/देखभालकर्ता घर से काम नहीं कर सकते हैं और उनके लिए कोई अन्य प्रबंध नहीं किए जा सकते हैं और साथ ही ये कार्यक्रम असुरक्षित विद्यार्थियों के लिए भी उपलब्ध है।

हमारे नियोजन में सहायता के लिए, यदि आपको इस कार्यक्रम की ज़रुरत है, तो कृपया हमारे स्कूल से संपर्क करें।

यही समान प्रबंध महानगरीय मेलबोर्न और Mitchell Shire के सभी स्कूलों में लागू होंगे।

**सोमवार 20 जुलाई के बाद**

20 जुलाई से, हमारा स्कूल रिमोर्ट और फ्लेक्सीबल शिक्षा में स्थानांतरण करेगा। ऐसा निम्नलिखित विद्यार्थियों के अलावा अन्य सभी विद्यार्थियों के लिए किया जाएगा:

- कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थी तथा कक्षा के विद्यार्थी उनके VCE या VCAL कार्यक्रमों के लिए
- स्पेशलिस्ट स्कूलों में भर्ती विद्यार्थी

निम्नलिखित विद्यार्थी ऑन-साइट सुपरविज़न के लिए स्कूल आ सकते हैं, परन्तु ये विद्यार्थी भी रिमोर्ट लर्निंग कार्यक्रम में भाग लेंगे:

- उन माता-पिता/देखभालकर्ताओं के बच्चे जो घर पर बच्चों की सुपरविज़न के लिए उचित प्रबंध नहीं कर सकते हैं, इनमें सरकारी स्कूलों में काम करने वाले अध्यापकों के बच्चे शामिल हैं क्योंकि इन अध्यापकों को ऑन-साइट काम पर वापिस लौटने की ज़रुरत है
- असुरक्षित विद्यार्थी
- विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थी जो स्कूल आने का फैसला लेते हैं।

हम टर्म 2 में रिमोर्ट और फ्लेक्सीबन शिक्षा के लिए लागू किए गए समान प्रबंधों का अनुपालन करेंगे।

विभाग के पास आपके लिए अपने विद्यार्थियों की शिक्षा में समर्थन करना जारी रखने के लिए कई प्रकार के विकल्प हैं, जो कि *घर से शिक्षा प्राप्त करना* (*Learning from Home*) वेबसाइट education.vic.gov.au/homelearning पर उपलब्ध हैं।

कोरोनावारस (COVID-19) और स्कूलों के बारे में नवीनतम जानकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Education and Training) की वेबसाइट: education.vic.gov.au/coronavirus पर उपलब्ध है।

विक्टोरियाई मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी ने यह पुष्टि की है कि इस समय स्कूलों में वयस्कों या बच्चों द्वारा फेस मास्क का प्रयोग करने या मुंह ढककर रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमेशा की तरह, यदि कोई विद्यार्थी स्कूल में और स्कूल से आते-जाते समय फेस मास्क पहनना चाहते हैं तो वे ऐसा कर सकते हैं।

और, अंत में, आपको फिर से याद दिला दें कि यदि आप, आपकी संतान, या कोई परिजन बुखार, कंपन या पसीने आना, खांसी, गले में दर्द, सांस फूलना, नाक बहना, गंध या स्वाद के अहसास के खो जाने जैसे लक्षण अनुभव करता है, तो आपको कोरोनाबायरस (COVID-19) टेस्टिंग केन्द्र पर टेस्ट करवाना चाहिए और घर पर रहना चाहिए।

यह हमारे स्कूली समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यदि स्वास्थ्य एवं मानव सेवाएँ विभाग (Department of Health and Human Services) से आपको स्वास्थ्य जानकारी की ज़रुरत है, तो आप dhhs.vic.gov.au/coronavirus वेबसाइट देख सकते/सकती हैं।